रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

## Section : General Science

**Q.1** मुर्गीपालन में, उन्नत नस्लों को विकसित करने के प्राथमिक उद्देश्य क्या हैं?

**Ans**
✔ A. अंडा और मांस उत्पादन
✘ B. केवल खाद का उत्पादन
✘ C. सजावट और खेल
✘ D. ऊन और दूध उत्पादन

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा लेंस नेत्र दोष निकटदृष्टिता (मायोपिया) को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है?

**Ans**
✘ A. उत्तल लेंस
✘ B. प्लैनो-कन्वेक्स लेंस
✘ C. बेलनाकार लेंस
✔ D. अवतल लेंस

**Q.3** द्रवों में, पृष्ठ पर कणों का वह लघु अंश जिसकी गतिज ऊर्जा उच्च होती है और अन्य कणों के आकर्षण बलों से अलग होने में सक्षम होता है, अंततः किस अवस्था में परिवर्तित हो जाएगा?

**Ans**
✘ A. ऊर्ध्वपातन
✔ B. वाष्प
✘ C. ठोस
✘ D. निक्षेपण

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, यौगिक को विलयन से सर्वोत्तम रूप से अलग करता है?

**Ans**
✘ A. यौगिक को भौतिक विधियों द्वारा उसके घटकों में पृथक किया जा सकता है, जबकि विलयन में ऐसा नहीं किया जा सकता है।
✔ B. यौगिक का एक निश्चित संघटन और गुणधर्म होते हैं, जो उसके संघटक तत्वों से भिन्न होते हैं, जबकि विलयन में ऐसा नहीं होता है।
✘ C. यौगिक का परिवर्ती संघटन होता है, जबकि विलयन का निश्चित संघटन होता है।
✘ D. यौगिक और विलयन दोनों सदैव समांगी और रासायनिक रूप से आबंधित होते हैं।

**Q.5** यदि अंडा, शुक्राणु से निषेचित नहीं होता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
✘ A. गर्भाशय आस्तर अप्रभावित रहता है
✘ B. गर्भाशय आस्तर पतला हो जाता है
✘ C. गर्भाशय आस्तर मोटा और स्पंजी हो जाता है
✔ D. गर्भाशय आस्तर धीरे-धीरे टूटता है तथा रक्त और श्लेष्मल के रूप में निकलता है

| | |
|---|---|
| Q.6 | एक कार विरामावस्था से चलना शुरू करती है और 5 मिनट में 60 km/hr के वेग तक त्वरित होती है। कार का त्वरण क्या है? |
| Ans | ✘ A. 1 m/s2<br>✘ B. 12 m/s2<br>✘ C. 0.025 m/s2<br>✔ D. 0.055 m/s2 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | निम्नलिखित में से कौन-सा, ब्लीचिंग पाउडर का एक उपयोग नहीं है? |
| Ans | ✘ A. कपड़ा उद्योग में कपास और लिनेन का विरंजन करना<br>✘ B. पेय जल को रोगाणु मुक्त बनाना<br>✔ C. जल की स्थायी कठोरता को दूर करना<br>✘ D. कई रासायनिक उद्योगों में ऑक्सीकरण कारक के रूप में |

| | |
|---|---|
| Q.8 | हाइड्रा में मुकुलन को सर्वोत्तम रूप से _______ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। |
| Ans | ✘ A. खंडन (fragmentation)<br>✘ B. विखंडन (fission)<br>✘ C. लैंगिक प्रजनन (sexual reproduction)<br>✔ D. अलैंगिक प्रजनन (asexual reproduction) |

Q.9 निम्नलिखित जंतु ऊतकों को उनकी सही विशेषताओं से सुमेलित कीजिए।

| | |
|---|---|
| a. शल्की उपकला | i.कोशिकाएं पतली और चपटी हो |
| b. स्तरित शल्की उपकला | ii.यह श्वसन पथ का आंतरिक अ |
| c. घनाभीय उपकला | iii.यह वृक्क नलिकाओं और लार |
| d.सिलीएटेड स्तंभाकार उपकला | iv.कोशिकाएं कई परतों में व्यव |

Ans
✔ A. a i, b iv, c iii, d ii
✘ B. a i, b iii, c ii, d iv
✘ C. a iv, b i, c ii, d iii
✘ D. a iv, b i, c iii, d ii

| | |
|---|---|
| Q.10 | निम्नलिखित में से कौन-सा कण, द्रव्यमान संख्या में योगदान देता है? |
| Ans | ✘ A. केवल इलेक्ट्रॉन<br>✘ B. केवल प्रोटॉन<br>✔ C. प्रोटॉन और न्यूट्रॉन<br>✘ D. इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन |

| | |
|---|---|
| Q.11 | किसी भी समजातीय श्रेणी में आणविक द्रव्यमान में वृद्धि निम्नलिखित में से क्या इंगित करती है? |
| Ans | ✘ A. गलनांक और क्वथनांक में कमी<br>✘ B. गलनांक में कमी और क्वथनांक में वृद्धि<br>✔ C. गलनांक और क्वथनांक में वृद्धि<br>✘ D. गलनांक में वृद्धि और क्वथनांक में कमी |

| | |
|---|---|
| Q.12 | किसी गेंद को 2 m/s की चाल से ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंका जाता है। गेंद के उच्चतम बिंदु पर क्रमशः प्राप्त अधिकतम ऊँचाई और पिंड का वेग कितना होगा?<br>(g = 10 $m/s^2$ लीजिए) |
| Ans | ✘ A. 0.2 m और 2 m/s<br>✘ B. 5 m और 2 m/s<br>✘ C. 5 m और 0 m/s<br>✔ D. 0.2 m और 0 m/s |

Q.13 एकसमान वृत्तीय गति में, निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक राशि नियत रहती है?

Ans
- ✗ A. अभिकेंद्री बल
- ✗ B. वेग
- ✗ C. त्वरण
- ✓ D. चाल

Q.14 यदि वायु में ध्वनि की चाल 344 m/s है, तो एक पर्यवेक्षक को स्पष्ट प्रतिध्वनि सुनने के लिए न्यूनतम कितनी दूरी की आवश्यकता होगी?

Ans
- ✗ A. 0.1 m
- ✗ B. 34.4 m
- ✓ C. 17.2 m
- ✗ D. 344 m


Q.15 वृक्क नलिकाओं के अस्तर में, किस प्रकार का उपकला ऊतक पाया जाता है?

Ans
- ✗ A. ग्रंथिल उपकला (Glandular Epithelium)
- ✗ B. कंकालीय उपकला (Skeletal Epithelium)
- ✓ C. घनाकार उपकला (Cuboidal Epithelium)
- ✗ D. स्तंभाकार उपकला (Columnar Epithelium)

Q.16 निम्नलिखित में से किस तरीके से वैज्ञानिक, फसल किस्मों में वांछनीय गुणों को शामिल कर सकते हैं?

Ans
- ✗ A. खरपतवार नियंत्रण
- ✗ B. उर्वरक
- ✓ C. संकरण
- ✗ D. सिंचाई

Q.17 जल से भरे एक जार और जड़ों के साथ एक प्याज़ को लंबवत ऊपर की ओर रखते हुए प्रयोगात्मक सेटअप का अध्ययन कीजिए। जड़ों के शीर्ष भाग A में किस प्रकार का ऊतक उपस्थित है?




Ans
- ✗ A. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)
- ✗ B. स्थूल कोण ऊतक (Collenchyma)
- ✓ C. विभज्योतकी ऊतक (Meristematic tissue)
- ✗ D. मृदूतक (Parenchyma)

Q.18 बचे हुए भोजन का खराब स्वाद या गंध निम्नलिखित में से किस कारण से होता है?

Ans
- ✓ A. वसा और तेल का ऑक्सीकरण
- ✗ B. कार्बोहाइड्रेट का ऑक्सीकरण
- ✗ C. प्रोटीन का ऑक्सीकरण
- ✗ D. शर्करा का ऑक्सीकरण

**Q.19** लेंसों के लिए चिह्न परंपरा के अनुसार, आपतित प्रकाश की दिशा में मापी गई सभी दूरियाँ ............ ली जाती हैं।

**Ans**

- ✗ A. लेंस के प्रकार पर निर्भर करता है
- ✗ B. शून्य
- ✓ C. धनात्मक
- ✗ D. ऋणात्मक

**Q.20** दिए गए विकल्पों में से, पुष्पी पादप में पुष्प का कौन-सा भाग अंततः फल में परिवर्तित हो जाता है?

**Ans**

- ✗ A. पुष्प (Flower)
- ✗ B. बीजांड (Ovule)
- ✗ C. बीज (Seed)
- ✓ D. अंडाशय (Ovary)

**Q.21** 3 kg द्रव्यमान की एक गेंद को ज़मीन से 2 m ऊपर एक शेल्फ पर रखा गया है। गेंद की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा .................. है। ( $g = 10 m/s^2$ लें)

**Ans**

- ✗ A. 6 J
- ✗ B. 30 J
- ✓ C. 60 J
- ✗ D. 300 J

**Q.22** कार्बन अपने दो विशिष्ट गुणों के कारण बहुत बड़ी संख्या में यौगिक बनाता है। निम्नलिखित में से कौन इन गुणों की सही पहचान करता है?

**Ans**

- ✗ A. उच्च गलनांक और तन्यता
- ✗ B. अच्छी चालकता और ध्वानिक प्रकृति
- ✗ C. अपररूपता और समावयवता
- ✓ D. श्रृंखलन और चतु:संयोजकता

**Q.23** प्रतिरोध तार बनाने के लिए प्राय: किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है क्योंकि इसका प्रतिरोध उच्च होता है और गलनांक भी उच्च होता है?

**Ans**

- ✗ A. ऐलुमिनियम
- ✗ B. सिल्वर
- ✗ C. कॉपर
- ✓ D. निक्रोम

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सी धातु वायु के संपर्क में आने पर अपने पृष्ठ पर एक सुरक्षात्मक ऑक्साइड परत का निर्माण करती है, जो आगे संक्षारण को रोकती है?

**Ans**

- ✗ A. मैग्नीशियम (Magnesium)
- ✓ B. ऐलुमिनियम (Aluminium)
- ✗ C. कैल्सियम (Calcium)
- ✗ D. सोडियम (Sodium)

**Q.25** 15 Ω प्रतिरोध वाली एक विद्युत इस्त्री 220 V प्रदाय से जुड़ी है। एक मिनट में कितनी ऊष्मा उत्पन्न होगी?

**Ans**

- ✗ A. 500 kJ
- ✗ B. 200 kJ
- ✗ C. 1.94 kJ
- ✓ D. 194 kJ

Section : **Mathematics**

**Q.26** 259 m और 231 m लंबी दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। पहली ट्रेन 55 km/hr और दूसरी 71 km/hr की चाल से चल रही है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 11 सेकंड
- ✗ B. 17 सेकंड
- ✗ C. 16 सेकंड
- ✓ D. 14 सेकंड

**Q.27** दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। महेश ने प्रत्येक बैंक से ₹4,60,000 उधार लिए। 2 वर्षों के बाद महेश द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 33,200
- ✗ B. 31,700
- ✓ C. 32,200
- ✗ D. 33,700

**Q.28** △ABC में, बिंदु D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 14° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 75° है। ∠AEB की माप कितनी है?

Ans
- ✓ A. 151°
- ✗ B. 166°
- ✗ C. 136°
- ✗ D. 137°

**Q.29** यदि ₹4,820 अंकित मूल्य वाली वस्तु को ₹4,338 में बेचा जाता है, तो छूट प्रतिशत कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 11%
- ✗ B. 8%
- ✓ C. 10%
- ✗ D. 9%

**Q.30** एक आयताकार बॉक्स की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई 8: 7: 5 के अनुपात में है। यदि बॉक्स का आयतन 2240 $cm^3$ है, तो बॉक्स का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में, निकटतम दहाई तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 960
- ✗ B. 1250
- ✓ C. 1050
- ✗ D. 1140

**Q.31** निम्नलिखित समीकरण में $x$ का मान कितना होगा?

$$x \div 0.45 = 2660$$

Ans
- ✗ A. 1971
- ✗ B. 1179
- ✗ C. 1195
- ✓ D. 1197

**Q.32** $\frac{5}{14} \times \frac{14}{\frac{7}{5} \div \frac{7}{11} \text{ of } 2\frac{1}{5}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{5}{14}$
- ✓ B. $5$
- ✗ C. $\frac{1}{5}$
- ✗ D. $1$

Q.33 प्रखर और रिया ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹35,600 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹5,000 के कुल लाभ में से प्रखर का हिस्सा ₹2,300 था। प्रखर का निवेश कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹16,390
- ✓ B. ₹16,376
- ✗ C. ₹16,235
- ✗ D. ₹16,675

Q.34 एक महिला 80 मिनट तक 20 m/min की चाल से और 64 मिनट तक 56 m/min की चाल से यात्रा करती है। उसकी औसत चाल (m/min में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 40
- ✗ B. 42
- ✗ C. 29
- ✓ D. 36

Q.35 एक पाइप एक टैंक को 2 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 4 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में कितने मिनट लगेंगे?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 4
- ✗ C. 3
- ✗ D. 2

Q.36 आरती, अनिल और नवीन ने क्रमशः 17 : 6 : 17 के अनुपात में निवेश करके साझेदारी में एक व्यवसाय शुरू किया। वर्ष के अंत में, उन्हें ₹78,600 का लाभ अर्जित हुआ, जो उनके कुल निवेश का 20% है। अनिल ने कितना निवेश (₹ में) किया?

Ans
- ✓ A. 58,950
- ✗ B. 58,838
- ✗ C. 58,880
- ✗ D. 58,788

Q.37 यदि तीन संख्याएँ 3 : 5 : 7 के अनुपात में हैं और उनका कुल योग 510 है, तो वह सबसे बड़ी संख्या क्या है जो तीनों संख्याओं को पूर्णतः विभाजित कर सके?

Ans
- ✗ A. 32
- ✗ B. 35
- ✓ C. 34
- ✗ D. 33

Q.38 एक इमारत की परछाई 46 m लंबी है, जब सूर्य का उन्नयन कोण 60° है। इमारत की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। ($\sqrt{3} = 1.7$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✓ A. 78.2 m
- ✗ B. 66.4 m
- ✗ C. 56.2 m
- ✗ D. 82.4 m

Q.39 यदि $8x^2 + 2y^2 + 18z^2 - 4xy - 6yz - 12zx = 0$ है, तो x : y : z ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 7 : 6 : 4
- ✗ B. 3 : 4 : 5
- ✓ C. 3 : 6 : 2
- ✗ D. 2 : 3 : 5

Q.40 रमन की आय ₹43,500 है। वह अपनी आय के 17% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 18% की वृद्धि होती है तथा व्यय में 20% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में______________ होगी।

Ans
- ✗ A. ₹608 की कमी
- ✗ B. ₹604 की कमी
- ✗ C. ₹606 की वृद्धि
- ✓ D. ₹609 की वृद्धि

Q.41 निम्नलिखित डेटा सेट में बहुलक को बदले बिना x को दिए गए मानों में से कौन सा नहीं लिया जा सकता है?

{1, 2, 3, 3, 7, 8, 9, 3, 11, x, 17, 11, 13}

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 13
- ✓ C. 11
- ✗ D. 2

Q.42 रिज़वान समान मूल्य वाली तीन घड़ियाँ कुल ₹4,800 में खरीदता है। वह पहली घड़ी ₹200 के लाभ पर, दूसरी घड़ी ₹100 की हानि पर और तीसरी घड़ी ₹150 के लाभ पर बेचता है। कुल लाभ या हानि प्रतिशत कितना है? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans
- ✗ A. 4.31% हानि
- ✗ B. 4.31% लाभ
- ✗ C. 5.21% हानि
- ✓ D. 5.21% लाभ

Q.43 एक व्यक्ति के वेतन में पहले 30 प्रतिशत की कमी की जाती है और फिर 40 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है। उसके वेतन में कुल प्रतिशत कमी कितनी है?

Ans
- ✗ A. 5%
- ✓ B. 2%
- ✗ C. 1%
- ✗ D. 3%

Q.44 एक पुत्र की वर्तमान आयु उसके पिता की आयु की $\frac{2}{5}$ है। अब से 8 वर्ष बाद, उसकी आयु उसके पिता की आयु की $\frac{1}{2}$ होगी। वर्तमान में पिता की आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 42
- ✗ B. 44
- ✓ C. 40
- ✗ D. 45

Q.45 एक दुकानदार अपने माल को क्रय मूल्य से X% अधिक मूल्य पर अंकित करता है और उसे 35% की छूट पर बेचता है। यदि उसे 69% का लाभ होता है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 160
- ✗ B. 159
- ✗ C. 161
- ✗ D. 162

Q.46 एक क्रिकेटर का 5 पारियों में 62 रनों का औसत है। यदि वह छठी पारी में 296 रन बनाता है, तो उसके औसत स्कोर में कितने रनों की वृद्धि होगी?

Ans
- ✗ A. 30
- ✗ B. 37
- ✗ C. 36
- ✓ D. 39

**Q.47** 12 cm ऊँचाई वाले एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 602.88 $cm^2$ है। यदि बेलन की त्रिज्या दोगुनी कर दी जाए और उसकी ऊँचाई 25% बढ़ा दी जाए, तो बेलन के मूल आयतन और नए आयतन के बीच का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(π = 314 का उपयोग करें)

**Ans**
- ✗ A. 2 : 3
- ✗ B. 4 : 9
- ✗ C. 3 : 7
- ✓ D. 1 : 5

**Q.48** आदित्य किसी काम का $\frac{1}{6}$ भाग 5 दिनों में कर सकता है और भगवान उसी काम का $\frac{1}{5}$ भाग 11 दिनों में कर सकता है।
यदि दोनों मिलकर काम करें तो काम पूरा करने में लगने वाले दिनों की संख्या ज्ञात कीजिए।
(दशमलव के एक अंक तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 18.9
- ✓ B. 19.4
- ✗ C. 23.1
- ✗ D. 15.4

**Q.49** यदि किसी संख्या के 20% को 78 में जोड़ा जाए, तो परिणाम में वही संख्या होगी। उसी संख्या का 70% कितना होगा?

**Ans**
- ✓ A. 68.25
- ✗ B. 88.25
- ✗ C. 78.25
- ✗ D. 98.25

**Q.50** दो संख्याओं का योगफल 45 है और उनका अंतर 13 है। छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 16
- ✗ B. 15
- ✗ C. 12
- ✗ D. 13

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.51** शहर X, शहर Y के पश्चिम में है। शहर Z, शहर Y के उत्तर में है। शहर W, शहर Z के पश्चिम में है। शहर V, शहर W के दक्षिण में है। शहर X, शहर V के उत्तर-पश्चिम में है। शहर W के संबंध में शहर X की स्थिति क्या है?

**Ans**
- ✗ A. उत्तर-पूर्व
- ✓ B. दक्षिण-पश्चिम
- ✗ C. दक्षिण-पूर्व
- ✗ D. उत्तर-पश्चिम

**Q.52** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 × 5 − 7 ÷ 8 + 10 = ?

**Ans**
- ✗ A. 50
- ✗ B. 49
- ✓ C. 51
- ✗ D. 53

| | | |
|---|---|---|
| Q.53 | नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br><br>(बाएं) 1 3 9 6 7 7 7 9 4 4 1 1 5 9 6 5 3 5 9 1 4 3 3 3 3 3 3 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद में एक सम संख्या है? | |
| Ans | ✗ A. 3<br>✓ B. 1<br>✗ C. 2<br>✗ D. 0 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.54 | यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>23 - 15 ÷ 246 + 318 x 6 = ? | |
| Ans | ✓ A. 538<br>✗ B. 546<br>✗ C. 554<br>✗ D. 562 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | F, G, H, I, M, N और O एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर, F और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G के दाईं ओर से गिनने पर, G और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर, F और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I के ठीक बाईं ओर पड़ोस में H बैठा है। O के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? | |
| Ans | ✗ A. G<br>✓ B. I<br>✗ C. H<br>✗ D. F | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में है। F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है? | |
| Ans | ✗ A. C<br>✓ B. D<br>✗ C. E<br>✗ D. B | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(11, 110, 10)<br>(8, 64, 8) | |
| Ans | ✗ A. (9, 72, 9)<br>✗ B. (10, 80, 9)<br>✓ C. (12, 120, 10)<br>✗ D. (7, 56, 7) | |

**Q.58** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. WAC
- ✗ B. TXZ
- ✓ C. AFG
- ✗ D. GKM

**Q.59** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LEASK' को '76432' के रूप में और 'KASEY' को '46837' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✗ B. 4
- ✓ C. 2
- ✗ D. 7

**Q.60** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी गोल्ड, मुर्गी हैं।
कोई मुर्गी, गाय नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई गोल्ड, गाय नहीं है।
(II) कुछ गाय, मुर्गी हैं।

**Ans**
- ✓ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.61** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RUY PSW NQU LOS ?

**Ans**
- ✓ A. JMQ
- ✗ B. JMR
- ✗ C. JNR
- ✗ D. JNQ

**Q.62** सात डिब्बे D, E, F, U, V, W और X एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। D, V के ठीक ऊपर रखा है। W, F के ठीक ऊपर रखा है। केवल U, E के ऊपर रखा है। U और D के बीच केवल एक डिब्बा रखा है। W नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा है। X और U के बीच कितने डिब्बे रखे हैं?

**Ans**
- ✓ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✗ C. एक
- ✗ D. चार

**Q.63** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'the dog barks' को 'av ds tw' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'dog can run' को 'rd te av' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'dog' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

**Ans**
- ✓ A. av
- ✗ B. te
- ✗ C. ds
- ✗ D. tw

Q.64 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

OPM–KLI
YZW–UVS

Ans
- ✗ A. BCZ-WYU
- ✓ B. BCZ-XYV
- ✗ C. BBX–WXU
- ✗ D. BBX–XYV

Q.65 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

66 56 46 36 26 ?

Ans
- ✗ A. 15
- ✓ B. 16
- ✗ C. 14
- ✗ D. 13

Q.66 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. VRN
- ✗ B. UQN
- ✗ C. TPL
- ✓ D. ROJ

Q.67 नीचे दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) # 9 & 5 1 © * * * @ # & 7 & # $ 8 & 3 1 @ € (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद भी एक संख्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✓ B. 2
- ✗ C. 1
- ✗ D. 4

Q.68 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पतंगें, बैंक हैं।
कोई पेंसिल, पतंग नहीं है।
निष्कर्ष:
(I) कुछ बैंक, पेंसिल नहीं हैं।
(II) सभी बैंक, पतंग हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.69** एक निश्चित कूट भाषा में,
A ± B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A ₹ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
और A # B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

यदि 'D # R * A ± C ₹ O' है, तो D का O से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✔ A. बहन
- ✘ B. माता
- ✘ C. पत्नी
- ✘ D. पुत्री

**Q.70** निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 9 7 3 6 9 8 4 3 8 5 4 5 2 8 6 7 2 8 6 2 6 9 5 1 9 1 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है?

**Ans**
- ✘ A. 2
- ✘ B. 5
- ✔ C. 3
- ✘ D. 4

**Q.71** A, B, C, D, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल A बैठा है। C और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, Y के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन W के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। W और Y के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✘ A. दो
- ✔ B. तीन
- ✘ C. एक
- ✘ D. चार

**Q.72** IB 15 का संबंध एक निश्चित तरीके से NF 12 से है। उसी प्रकार, OH 20 का संबंध TL 17 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RK 26 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**
- ✘ A. WQ 24
- ✘ B. VN 23
- ✘ C. UN 24
- ✔ D. WO 23

**Q.73** निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 4 8 7 4 1 2 6 9 5 3 1 4 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद भी एक विषम अंक है?

**Ans**
- ✘ A. तीन
- ✔ B. एक
- ✘ C. चार
- ✘ D. दो

Q.74 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

110 109 111 108 112 107 ?

Ans
- ✔ A. 113
- ✗ B. 115
- ✗ C. 119
- ✗ D. 117

Q.75 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

34 – 7 ÷ 6 + 270 × 9 = ?

Ans
- ✗ A. 42
- ✗ B. 44
- ✗ C. 48
- ✔ D. 46

Q.76 दीपाली अपनी कक्षा में ऊपर से 9वें और नीचे से 43वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 41
- ✗ B. 53
- ✗ C. 21
- ✔ D. 51

Q.77 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

71 75 83 95 111 ?

Ans
- ✗ A. 141
- ✔ B. 131
- ✗ C. 151
- ✗ D. 121

Q.78 GB 16 का संबंध एक निश्चित तरीके से KE 13 से है। उसी प्रकार, MH 25 का संबंध QK 22 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SN 28 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. XP 26
- ✗ B. YQ 26
- ✗ C. WP 25
- ✔ D. WQ 25

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

HDP 1, JEM -2, LFJ 4, NGG -8, ?

Ans
- ✔ A. PHD 16
- ✗ B. PPO 11
- ✗ C. HJP 14
- ✗ D. OPP 12

Q.80 श्रीमान Z, बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और पूर्व की ओर 12 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, और 17 km गाड़ी चलाते हैं, वह फिर दाएं मुड़ते हैं और 32 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 7 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, और 10 km गाड़ी चलाते हैं, फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 4 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वह दाएं मुड़ते हैं, और 10 km गाड़ी चलाकर बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 7 km, दक्षिण में
- ✓ B. 6 km, उत्तर में
- ✗ C. 7 km, उत्तर में
- ✗ D. 6 km, दक्षिण में

## Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 निम्नलिखित में से किस बैंक ने 15 अप्रैल 2025 से प्रभावी 444-दिवसीय अवधि के साथ 'अमृत वृष्टि' के नाम से जानी जाने वाली अपनी विशेष सावधि जमा (FD) योजना को पुनः शुरू किया?

Ans
- ✗ A. केनरा बैंक
- ✗ B. पंजाब नेशनल बैंक
- ✗ C. बैंक ऑफ बड़ौदा
- ✓ D. भारतीय स्टेट बैंक

Q.82 कौन-सा पारंपरिक इस्लामी उद्देश्य, वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के विधवाओं और अनाथों के कल्याण पर केंद्रित है?

Ans
- ✗ A. ज़कात दान (Zakat donation)
- ✗ B. मदरसा विकास (Madarsa development)
- ✓ C. वक्फ-अल-औलाद सिद्धांत (Waqf-alal-aulad principle)
- ✗ D. निकाह पंजीकरण (Nikah registration)

Q.83 यूनिसेफ (UNICEF) की 'द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2024' रिपोर्ट में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है, जिसमें बच्चों के समक्ष उपस्थित गंभीर जलवायु जोखिमों पर प्रकाश डाला गया है?

Ans
- ✗ A. 11वां
- ✓ B. 26वां
- ✗ C. 54वां
- ✗ D. 32वां

Q.84 अप्रैल 2025 में, केली स्लेटर को खेल में उनके आजीवन योगदान के लिए किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ A. ESPN लाइफटाइम ऑनर
- ✗ B. ओलंपिक ऑर्डर
- ✗ C. लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन
- ✓ D. लॉरियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

Q.85 निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत सरकार ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन (National Critical Mineral Mission) लॉन्च किया?

Ans
- ✗ A. 2017
- ✗ B. 2023
- ✓ C. 2025
- ✗ D. 2021

**Q.86** भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की एक महिला टीम जून 2025 में सेशेल्स में देश के पहले अंतरराष्ट्रीय खुले-समुद्र नौकायन अभियान (country's first-ever international open-sea sailing expedition) से सफलतापूर्वक लौट आई है। इस नौकायन अभियान के लिए उपयोग किए गए स्वदेशी-निर्मित भारतीय सशस्त्र सेवा पोत का क्या नाम है?

**Ans**
- ✗ A. भागीरथी (Bhagirathi)
- ✓ B. त्रिवेणी (Triveni)
- ✗ C. दुर्गा (Durga)
- ✗ D. गंगा (Ganga)

**Q.87** जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किस राज्य ने सरकारी कर्मचारियों को शून्य-प्रीमियम बीमा प्रदान करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

**Ans**
- ✓ A. असम
- ✗ B. महाराष्ट्र
- ✗ C. गुजरात
- ✗ D. उत्तर प्रदेश

**Q.88** किस बॉलीवुड अभिनेता ने 2025 में फिल्म दुनियादारी के साथ अपनी वापसी की घोषणा की?

**Ans**
- ✗ A. मिथुन चक्रवर्ती
- ✗ B. संजय दत्त
- ✓ C. गोविंदा
- ✗ D. नीरज शाह

**Q.89** 'राज्यों और राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का विस्तार', फरवरी 2025 में ___________ द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट है।

**Ans**
- ✗ A. शिक्षा मंत्रालय
- ✗ B. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
- ✗ C. IIT बॉम्बे
- ✓ D. NITI आयोग

**Q.90** किस प्राधिकरण ने 2025 में भारत में जैविक संसाधन विनियमन के लिए अद्यतन नियम पेश किए?

**Ans**
- ✗ A. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
- ✓ B. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण
- ✗ C. राष्ट्रीय पर्यावरण परिषद
- ✗ D. अंतर्राष्ट्रीय पारिस्थितिकी अनुसंधान मंच

**Q.91** 2025–2027 तक बिली जीन किंग कप फाइनल कहाँ आयोजित किए जाएंगे?

**Ans**
- ✗ A. टोक्यो, जापान
- ✗ B. बीजिंग, चीन
- ✓ C. शेन्ज़ेन, चीन
- ✗ D. सियोल, दक्षिण कोरिया

**Q.92** निम्नलिखित में से कौन-से दो देश, ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबानी करेंगे?

**Ans**
- ✗ A. भारत और बांग्लादेश
- ✗ B. भारत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE)
- ✓ C. भारत और श्रीलंका
- ✗ D. श्रीलंका और पाकिस्तान

**Q.93** जून 2025 में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना किस राज्य में शुरू की गई?

**Ans**
- ✗ A. पंजाब
- ✗ B. उत्तराखंड
- ✓ C. हिमाचल प्रदेश
- ✗ D. हरियाणा

**Q.94** फिट इंडिया कार्निवल 2025 कहां आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✓ A. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली
- ✗ B. इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली
- ✗ C. इंडिया गेट, नई दिल्ली
- ✗ D. लाल किला, नई दिल्ली

**Q.95** मई 2025 में की गई घोषणा के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में, पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्पेशल इकोनॉमिक जोन स्थापित किया जाएगा?

**Ans**
- ✗ A. तेलंगाना
- ✓ B. छत्तीसगढ़
- ✗ C. गुजरात
- ✗ D. हरियाणा

**Q.96** केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग की स्थापना को कब मंजूरी दी?

**Ans**
- ✗ A. फरवरी 2025
- ✗ B. अप्रैल 2025
- ✗ C. मार्च 2025
- ✓ D. जनवरी 2025

**Q.97** भारतीय नौसेना और रॉयल नेवी के बीच 05 अक्टूबर 2025 को भारत के पश्चिमी समुद्री तट पर शुरू हुए संयुक्त समुद्री अभ्यास को ______ के रूप में जाना जाता है।

**Ans**
- ✗ A. ऑपरेशन अभ्यास-25 (Operation Abhyaas-25)
- ✗ B. युद्ध अभ्यास-25 (Yudh Abhyas-25)
- ✗ C. ज़ापाड-25 (ZAPAD-25)
- ✓ D. कोंकण-25 (KONKAN-25)

**Q.98** अमेरिका के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में आयोजित टेन 2025 एथलेटिक्स मीट (Ten 2025 athletics meet) में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड किसने बनाया?

**Ans**
- ✓ A. गुलवीर सिंह
- ✗ B. कार्तिक कुमार
- ✗ C. गोपी टी
- ✗ D. अविनाश साबले

**Q.99** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा 24 अप्रैल 2025 को आयोजित अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन के अल्पकालिक हॉट टेस्ट में, इंजन स्टार्ट-अप सीक्वेंस को मान्य करने के लिए, इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल को _______ की अवधि के लिए हॉट टेस्ट किया गया।

**Ans**
- ✗ A. 5.5 सेकंड
- ✗ B. 6.5 सेकंड
- ✗ C. 4.5 सेकंड
- ✓ D. 3.5 सेकंड

**Q.100** लॉरियस अवार्ड्स में किस जिमनास्ट को चौथी बार स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर चुना गया?

**Ans**

✔ A. सिमोन बाइल्स (Simone Biles)

✘ B. रेबेका एंड्रेड (Rebeca Andrade)

✘ C. फेथ किपेगन (Faith Kipyegon)

✘ D. सिफान हसन (Sifan Hassan)

"